राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–108/2023

राज्यपाल ने इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा में उतीर्ण छात्र–छात्राओं को बधाई दी

पटना, 21 मार्च, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा–2023 में उतीर्ण सभी छात्र–छात्राओं को हार्दिक बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

राज्यपाल ने कहा है कि परीक्षा में असफल छात्र–छात्राओं को निराश होने की आवश्यकता नही है। उन्होंने कहा है कि वे धैर्य और साहस के साथ कठिन परिश्रम करें, उन्हें सफलता जरूर मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा में कुल 13,04,586 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे जिसमें 6,73,023 छात्र तथा 6,31,563 छात्राएँ शामिल हैं।

....